ईमेल Email:
tirthvandana4@gmail.com

स्थापना Est. 1902

दूरभाष Phone No.
022-23878293

भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी

Bharatvarshiya Digambar Jain Tirthkshetra Committee

भारतीय सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन पंजीकृत सं. 570/1930
बंबई सार्वजनिक न्यास अधिनियम 1950 के अधीन पंजीकृत सं. एफ-10/1952

दिनांक : 05-12-2023

साधारण सभा के अधिवेशन की सूचना

सभासद, साधारण सभा
भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी

मान्यवर,
सादर जय- जिनेन्द्र !

सूचनार्थ निवेदन है कि भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी की साधारण सभा का अधिवेशन शनिवार दिनांक 27 जनवरी, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से श्री दिगम्बर जैनाचार्य देवनंदी ट्रस्ट **णमोकार तीर्थ**, पता- मुंबई-आगरा हाईवे नं. 3, मु. पो. मालसाने-423101, ता. चांदवड, जिला- नाशिक, (महाराष्ट्र) में रखा गया है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

विचारणीय विषय : -

1) विधान की धारा 5 (य) के अनुसार आगामी कार्यकाल 2024-28 (5 वर्ष) के लिए तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष का निर्वाचन करना, इसके लिए चुनाव अधिकारी के रूप में श्रीमान सुमेरकुमारजी काले (सेवा निवृत्त अपर राज्यकर आयुक्त), नाशिक एवं चुनाव संयोजक श्रीमान सुरेन्द्र जी बाकलीवाल, इंदौर ये दोनों महानुभाव सभा को संभालते हुए आगे की कार्यवाही प्रारंभ करेंगे ।
2) नए अध्यक्ष के चुनाव होने के पश्चात विधान की धारा 5 (द) के अनुसार साधारण सभा के लिए 21 सदस्यों का सहयोजन करना ।
3) साधारण सभा द्वारा नई प्रबंधकारिणी समिति का गठन निम्न प्रकार करना:-
   (क) विधान की धारा 6 (2) के अनुसार तीर्थक्षेत्र कमेटी से सम्बद्ध तीर्थक्षेत्रों के प्रतिनिधियों में से 30 सदस्यों का चुनाव करना ।
   (ख) विधान की धारा 6 (3) के अनुसार आजीवन सदस्यों एवं साधारण सभा पर सहयोजित सदस्यों में से 11 सदस्यों का चुनाव करना तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा प्रबंधकारिणी में अधिक से अधिक 11 सदस्यों को मनोनीत करना ।
4) अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्तुत अन्य विषय ।

आपका.

संतोष जैन पेंढारी
राष्ट्रीय महामंत्री

विशेष :-

- साधारण सभा में केवल सदस्यों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी । प्रत्येक सदस्य को अपने पहचान पत्र की ऑरिजनल प्रति लाना अनिवार्य है ।
- कोरम की पूर्ती न होने की दशा में बैठक स्थगित कर दी जाएगी और आधे घन्टे बाद उसी दिन उसी स्थान पर पुनः बैठक होगी जिसमें कोरम की पूर्ती का प्रश्न नहीं रहेगा ।
- जो सदस्य अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार होना चाहते हैं वे तीर्थक्षेत्र कमेटी के मुंबई कार्यालय से नामांकन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं ।

महामंत्री कार्यालयः द्वितीय तल, हीराबाग, कस्तूरबा गाँधी चौक, सीपी टैंक, मुंबई - 400004 (भारत)
Secretary General's Office: 2nd Floor, Kasturba Gandhi Chowk, CP Tank, Mumbai - 40004 (Bharat)
आधिकारिक जालस्थल Official Website: www.tirthkshetracommittee.com